एक किलो सोने की ठगी का मामला

उदयपुर,(कासं)। शहर के घंटाघर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जेवरात बनाने के लिए एक किलों सोना लेकर वापस नहीं लौटाकर हडपने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोती चोहट्टा स्थित किरण ज्वेलर्स के प्रोपराईटर ख्यालीलाल सोनी पुत्र भंवरलाल सोनी ने धवली स्ट्रीट के पास कोर्नर पढोनी मुम्बई निवासी सुनील पोरवाल व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं जेवरात बेचने का काम करता हू तथा आरोपी जेवरात बनाने का काम करता है। इसके लिए सोने का लेन देन पांच दस वर्ष से दोनों के बीच संपर्क होकर लेन देन करते आ रहे है। 10 सितंबर 2025 को मैने आरोपी को जेवर बनाने के लिए एक किलो सोना दिया था एवं निर्धारित समय तक वापस नहीं लौटाया।

संसाधनों का समुचित उपयोग प्राकृतिक खेती में संभव : शर्मा

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के तत्वावधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जैविक खेती पर अग्रिम संकाय प्रशिक्षण केन्द्र के अन्तर्गत 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'प्राकृतिक कृषि – संसाधन संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए दिशा एवं दशा' का आयोजन अनुसंधान निदेशालय, उदयपुर द्वारा 3 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जा रहा है।

डॉ. एस. के. शर्मा, सहायक महानिदेशक (मानव संसाधन प्रबंधन), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उद्देश्य के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि उर्वरकों के प्रयोग को 25 प्रतिशत तथा पानी के उपयोग को 20 प्रतिशत तक कम करना, नवीनीकरण ऊर्जा के उपयोग में 50 प्रतिशत वृद्धि तथा ग्रीन हाऊस उत्सर्जन को 45 प्रतिशत कम करना एवं करीब 26 मिलियन हैक्टेयर भूमि सुधार करना हमारे देश की आवश्यकता है। इसके लिए प्राकृतिक खेती को देश को कृषि के पाठ्यक्रम में चलाने के साथ-साथ नई तकनीकों को आमजन तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है जो कि वर्तमान काल में देश के कृषि वैज्ञानिकों के सामने एक मुख्य चुनौती है। प्राकृतिक खेती में देशज तकनीकी ज्ञान तथा किसानों के अनुभवों को भी साझा किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में देश के 6 राज्यों के 21 संस्थानों से 26 वैज्ञानिक भाग ले रहे है। डॉ. शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक खेती आज की अन्तर्राष्ट्रीय/विश्व स्तरीय आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती आज के किसानों की और समय की प्राथमिकता है।

प्राकृतिक खेती पर अनुसंधान पिछले पांच वर्षों से किया जा रहा है। जापान में प्राकृतिक खेती प्राचीन समय से चल रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली पूरे भारत में स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम शुरू कर चुकी है। डॉ. शर्मा ने कहा कि 21वीं सदीं में सभी को सुरक्षित एवं पोषण मुक्त खाद्य की आवश्यकता है अतः प्रकृति तथा पारिस्थितिक कारकों के कृषि में समावेश करके ही पूरे कृषि तंत्र का 'शुद्ध कृषि' की तरफ बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परम्परागत कृषि पद्धति योजना के तहत देश में प्राकृतिक खेती को बढावा दिया जा रहा है। इससे कम लागत के साथ-साथ खाद्य-पोषण सुरक्षा को बढावा मिलेगा।

जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों के तहत खेती को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्राकृतिक खेती के घटकों को आधुनिक खेती में समावेश करना आवश्यक है। डॉ. अरविन्द वर्मा, निदेशक अनुसंधान ने सभी अतिथियों के स्वागत के बाद कहा कि प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। प्राकृतिक खेती के द्वारा लाभदायक कीटों को बढ़ावा मिलता है। जलवायु परिवर्तन के दौर में प्राकृतिक खेती द्वारा प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा मिलता है। डॉ. वर्मा ने बताया कि पूरे विश्व में 'संसाधन खतरे' (रिसोर्ज डेन्जर) खास तौर पर मिट्टी की गुणवत्ता में कमी, पानी का घटता स्तर, जैव विविधता का घटता स्तर, हवा की बिगड़ती गुणवत्ता तथा पर्यावरण के पंच तत्वों में बिगड़ता गुणवत्ता संतुलन के कारण 'हरित कृषि तकनीकों के प्रभाव टिकाऊ नहीं रहे है। उन्होंनें बताया कि बदलते जलवायु परिवर्तन के परिवेश एवं पारिस्थितिकी संतुलन के बिगडने से मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य तथा बढती लागत को प्रभावित कर रहे हैं और अब वैज्ञानिक तथ्यों से यह स्पष्ट है कि भूमि की जैव क्षमता से अधिक शोषण करने से एवं केवल आधुनिक तकनीकों से खाद्य सुरक्षा एवं पोषण सुरक्षा नहीं प्राप्त की जा सकती है।

सांसद को गिरफ्तार बताने की पोस्ट वायरल करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत के साथ हॉट टॉक होने के बाद अभद्रता करने के मामले में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत को गिरफ्तार बताने की पोस्ट वायरल करने वाले युवक को झाड़ोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार गत दिनों दिशा बैठक के दौरान डूंगरपुर में बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत एवं उदयपुर सांस डॉ. मन्नालाल रावत के बीच हॉट टॉक हुई थी। इसको लेकर गत दिनों नया रेट गोदाणा झाड़ोल निवासी करण कटारा पुत्र मोहनलाल ने सोशल साईट पर राजकुमार रोत के साथ अभद्रता करने वाले मन्नालाल को गिरफ्तार दर्शाते हुए डॉ. मन्नालाल के दोनों ओर पुलिसकर्मी खड़ा कर उनका उक्त फोटों वायरल किया। इसका पता चलने पर झाड़ोल थाने के साईबर सेल कांस्टेबल रमेश कुमार पुत्र देवाजी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज किया।

योग शास्त्र के गूढ़ रहस्य बताए

उदयपुर, (कासं)। मीरा नगर के विशाल प्रांगण में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज के पावन स्नेहाशीष में चल रहे श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा साधना महामहोत्सव अंतिम चरण की ओर अठासर है। एक साथ हजारों श्रद्धालु अनुशासित बैठ महायज्ञ विधान, पूजा और साधना में कर रहे हैं।समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि श्री एकलिंगनाथ शिव पुराण कथा के छठे दिन जगद्गुरु श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज ने योग शास्त्र की गहरी बातें बताई। आपने बताया कि जब आप अत्यधिक हताशा, निराशा महसूस करें तो किसी बगीचे में जाकर बैठिये। वहां शांत बैठकर थोड़ा ध्यान करें और तीन बार गहरी सांस लेकर छोड़ें।

Name Changed

I changed my Name Indian passport holder no. J6760177 from Annu saruparia to Annu Jain w/o Amit saruparia for all purpose r/o Shree Ganesh Bhawan, Hathinada, kankroli, Tehsil & Distric Rajsamand (Rajasthan).

Before Hon'ble Motor Accident Claim Tribunal (Main) at Rajkot
Claim Case No. 283/2023
Advocate of Applicant : K.K. Vaghela
Next Date 06/02/2026

Applicant: L/H SOVRAN BABURAM'S LEGAL HEIRS
1. RANI SOVRAN etc. OTHER 4
Residing at- At. Juna Duva, Tal. Vankaner, Dist. Morbi
Versus
Opponent : Tailor No. RJ-09-GD-7033's
1. Owner: Smt. Antima W/o. Hemraj Dhakar. ADD. Dorai, Rampali, Behind Hanuman Mandir, Ganga Colony, Chanderiya, Dist. Chittaurgarh-312001 - Rajasthan. Bike No. GJ-36-A-5513's
3. Owner : Ratnabhai Bhojabhai Makwana. ADD. Digvijay Nagar, Pedak, At. Vankaner, Dist. Morbi.

It is hereby inform that in the above case, the applicants have filed an application before the Principal District Judge Shri J.R. Shah's Tribunal for compensation of Rs. 30,00,000/- under Section 166 of the Motor Vehicles Act, 1988 (as amended in 1994) against you opponent. You are therefore hereby directed to appear before this Tribunal in person or through advocate on 06-02-2026 at 10.45 a.m. to answer the said application. You should be prepared to produce on that day all the written evidence on which you base your defence.

And you are hereby inform that if you do not appear on the day above mentioned, the application will be heard and disposed of in your absence.

You are further notified that if you fail to write letters for hearing on or before the date specified, your defence will not be entertained.

Today on Date 01/01/2026 with signature and seal of Tribunal.

Prepare Superintendent M.A.C.T. (Spel.) Rajkot — Seal — By Order Deputy Registrar M.A.C.T. (Spel.) Rajkot

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर
नोटिस
पत्रावली संख्या:- 224/2025/06 दिनांक- 1.1.26
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों का

चूंकि श्री जोसफ रेनी, सचिव ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत स्कूल फोर डेमोक्रेसी, देव डुंगरी, पोस्ट बरार, तहसील भीम, जिला राजसमन्द प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। ओर यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आगामी पेशी तारीख 10.3.26 की रखी गयी है।

(जतीन कुमार गांधी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर

सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड

- रात का तापमान सवा दो डिग्री गिरा, दिन का तापमान 20.9 डिग्री

उदयपुर, (कासं)। नए साल की शुरूआत के साथ ही लेकसिटी के दिन के तापमान में कमी के साथ ही सर्द हवाओं ने जोर पकड़ लिया और इस विंटर सीजन में अब तेज ठंड का अहसास हो रहा है। दिन अधिक ठंडे होने के साथ ही रात का तापमान भी गिर रहा है और दो दिनों में पांच डिग्री की गिरावट रात के तापमान में हुई है। जनवरी के पहले व दूसरे दिन सप्ताह में तेज सर्दी बनी रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में वृद्धि होगी। झीलों का शहर अब कोहरे, बादल व हवाओं की जद में है। नश्तर सी चुभती सर्द हवाओं ने ठंड को बढ़ा दिया है हालांकि अब भी इस सर्दी का सबसे कम तापमान 28 दिसम्बर को 6.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। अब तक यह जमाव बिन्दु की ओर या पांच डिग्री से नीचे नहीं गया है लेकिन जनवरी के पहले दो सप्ताह में सर्दी तेज रहने के साथ ही तापमान में और भी गिरावट हो सकती है। ठंडी हवाएं चलने से जहां शुक्रवार को एक ही दिन में दिन के तापमान में पौने चार डिठी की कमी हुई थी वहीं शनिवार को रात के तापमान में भी कमी हुई है। शनिवार को रात का तापमान 11 डिठी से 8.9 डिठी पर जा पहुंचा। घने कोहरे के बीच सूर्योदय भी 7 बजकर 20 मिनट पर हो रहा है। शहर में बढी सर्दी के साथ ही अब अलाव व हीटर के सहारा लिया जाने लगा है। इस बार सर्दी के तापमान को दिन के अधिक तापमान में नियंत्रण में किए हुआ था लेकिन सर्द हवाओं व बादलों जैसे ही दिन के तापमान को घटाना शुरू किया तेज सर्दी का प्रकोप दिखाई देने लगा।

फुले जयंती मनाई, नशे के दुष्प्रभाव बताये

बांसवाड़ा, (निसं)। श्री गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति परामर्श केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान एवं साहित्यिक-सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में सावित्रीबाई फुले जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कल्याणमल सिंगाड़ा ने की जबकि मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता मनोरोग चिकित्सक डॉ. प्रदीप सिंह राठौड़ एवं विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. सीमा भूपेंद्र रही।

नशा मुक्ति परामर्श केन्द्र के प्रभारी रतनपाल डोडियार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ. राठौड़ ने संवादात्मक शैली में नशे की समस्या पर प्रकाश डालते हुए इसके कारणों, प्रकारों एवं दुष्प्रभावों पर चर्चा की तथा नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि नशे से चिन्ता, घबराहट, अवसाद, चिड़चिड़ापन की स्थिति पैदा होती है। साथ ही उन्होंने समाज से नशे को दूर करने के लिए टोल फ्री नंबर के बारे में भी जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने जीवन के अनुभवों एवं उदाहरणों के माध्यम से समाज एवं देश में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिये सामूहिक संकल्प लेने का आव्हान किया। अतिथियों ने सभी को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई। डॉ. सीमा भूपेंद्र ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को संघर्षों से घबराने के बजाय आत्मविश्वास के साथ स्वयं को निरंतर बेहतर बनाने का आव्हान किया। साहित्यिक-सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. किरण पुनिया ने सावित्रीबाई फुले के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान पर जानकारी देते हुए महिला शिक्षा एवं सामाजिक समानता के महत्त्व के बारे में बताया। संचालन प्रकाश चंद किंकोड ने किया।

पूर्व सैनिक आजाद मोहम्मद का निधन

मंडफिया। भारतीय वायुसेना के पूर्व सैनिक आजाद मोहम्मद का निधन होने पर राजकीय सम्मान के साथ दफन किया गया। भारतीय वायुसेना के पूर्व सैनिक मंडफिया (सांवलिया जी) निवासी हाजी आजाद मोहम्मद पिता हाजी चांद मोहम्मद उम्र 74 वर्ष का शुक्रवार को इंतकाल हो गया था। जिनका शनिवार सुबह मंडफिया स्थित कब्रिस्तान में राजकीय सम्मान के साथ दफन किया गया। भारतीय वायुसेना के सैनिकों ने मंडफिया पहूंचकर पूर्व सैनिक आजाद मोहम्मद के जनाजे पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा ओढ़ाकर पुष्प चक्र अर्पितकर सलामी देकर राजकीय सम्मान किया।

पूर्व सैनिक आजाद मोहम्मद ने भारतीय वायुसेना में सन् 1971 से लेकर 1986 तक कुल 16 वर्ष की गौरवमयी सेवाएं प्रदान की। वायुसेना से सेवानिवृत्त होने के बाद आजाद मोहम्मद ने सन् 1990 से लेकर 2021 तक कुल 31 वर्ष तक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी। पूर्व सैनिक आजाद मोहम्मद अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए एवं उनके छोटे भाई फारूक मोहम्मद जोकि राजकीय सेवा में मंडफिया स्थित उप जिला चिकित्सालय में मेलनर्स के पद पर कार्यरत हैं।

कार-बाइक की टक्कर, दो युवक गंभीर घायल

डूंगरपुर। वरदा थाना क्षेत्र में सागवाडा मार्ग पर शंकरघाटी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गलियाकोट निवासी मेहुल पाटीदार और जोगपुर निवासी कुलदीप पाटीदार बाइक से डूंगरपुर की ओर आ रहे थे। शंकरघाटी के निकट सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों युवक सडक पर गिर पडे। हादसे के बाद कार बाइक को घसीटते हुए सडक किनारे खाई में जा गिरी।

पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

- वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्क करने की अपील की

डूंगरपुर। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोतवाली थाना पुलिस ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च निकालकर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

इस दौरान व्यापारियों से सडक पर अतिक्रमण नहीं करने और वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्क करने की अपील की गई।कोतवाली थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के व्यस्त इलाकों में मार्च किया। इस दौरान होटलों और दुकानों के बाहर फुटपाथ पर रखे गए सामान और बेतरतीब खडे वाहनों को हटवाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बाजार में हलचल मच गई। कार्यवाही के दौरान सीआई अजयसिंह राव ने अतिक्रमण करने वालों को कडी चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध पार्किंग और दुकानों के बाहर सामान के जमावडे से यातायात बाधित होता है। उन्होंने लोगों से भविष्य में ऐसी गतिविधियों से बचने की अपील की

प्राधिकरण सचिव ने किया कारागृह का निरीक्षण

बांसवाड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला न्यायाधीश कौशल सिंह ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागृह के समस्त बैरकों, भोजनशाला, शौचालय व स्नानघर आदि में साफ-सफाई एवं कारागृह में कैदियों के लिए भोजन, चिकित्सा, स्नान व रहने की व्यवस्था भी संतोषजनक है। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में कारागृह प्रशासन ने 291 बंदी उपस्थित होना जाहिर किया। प्राधिकरण सचिव सिंह ने बन्दीगणों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देते हुए उनके प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त होने अथवा नहीं होने के सम्बन्ध में जानकारी ली। साथ ही नए प्रवेशित बंदियों से संवाद कर उन्हें अपराध की राह छोड़कर अच्छा नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया गया।

'भारतीय मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में शिक्षक निभाएं अग्रणी भूमिका'

- शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्रारंभ

डूंगरपुर। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग जिला स्तरीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का शुभारंभ विद्यानिकेतन उमावि गोकुलपुरा में उद्घाटन सत्र हुआ। अभ्यास वर्ग उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता शंकरलाल कटारा व मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिन चौबीसा थे।

जिला मंत्री सुदर्शन सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मंत्री द्वारा संगठन गीत से किया गया। संगठन गीत ने कार्यकर्ताओं में राष्ट्रीय चेतनाए संगठनात्मक एकता एवं समर्पण भाव का संचार किया। मुख्य वक्ता ने आगामी दो दिवसीय अभ्यास वर्ग की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में प्रदेश स्तर एवं संभाग स्तर पर अभ्यास वर्ग आयोजित किए जा चुके हैं। संगठन को अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से अब जिला स्तर पर अभ्यास वर्गों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। जिनमें प्रदेश,संभाग एवं जिला स्तर के प्रशिक्षित वक्ता कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि यह डूंगरपुर जिले का प्रथम जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग है, जिसमें डूंगरपुर जिले की दस उपशाखाओ से आए दायित्ववान एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। साथ ही जिला एवं संभाग स्तर के दायित्वधारी कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) एक राष्ट्रवादी, अनुशासित एवं विचार प्रधान संगठन है, जिसके कार्यकर्ता तन-मन-धन से समर्पित होकर शिक्षकों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने संगठन के प्रातःकाल से सायंकाल तक के दैनिक कार्यए संगठनात्मक दायित्वों एवं सामाजिक भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में शंकरलाल कटारा ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहां कि अभ्यास वर्ग में निर्धारित सत्र रचना के अनुसार पूर्ण सहभागिता निभाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। यहाँ से प्राप्त विचारों,प्रशिक्षण एवं प्रेरणाओं को अपने जीवन में उतारते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय योगदान देना चाहिए। जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठनात्मक उद्देश्यों, दायित्वबोध, वैचारिक अधिष्ठान एवं राष्ट्र निर्माण से जुडे विषयों पर गहन एवं सार्थक विमर्श हुआ। इसीक्रम में शनिवार को द्वितीय सत्र में अभ्यास वर्ग उद्देश्य एवं महत्व व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता लालसिंह अहाडा व अध्यक्षता गजेन्द्र चौबीसा सचिव विद्या भारती संस्थान डूंगरपुर थे।अभ्यास वर्ग को कार्यकर्ताओं में संगठन की रीति-नीति,अनुशासन तथा अधिकारदृकर्तव्यों के बोध का प्रभावी माध्यम बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में चौबीसा ने कहां कि अभ्यास वर्ग की सार्थकता उसके व्यवहारिक आत्मसात से ही सिद्ध होती है। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रवीण जैन विभाग संगठन मंत्री वैचारिक अधिष्ठान, कार्यकर्ता व कोष विषय पर मार्गदर्शन किया। सत्र की अध्यक्षता दक्षा कलाल जिला महिला मंत्री ने संगठन में कार्यकर्ता का निर्माण कर उनमें राष्ट्रीयता का भाव भरना है। दायित्वानुसार कार्यकर्ता बैठकें दो समूहों में संपन्न हुईं।

चतुर्थ सत्र हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थः सत्र में मुख्य वक्ता देवानंद उपाध्याय व अध्यक्ष नटवर वर्मा विशिष्ट अतिथि नानूराम कटारा व नागेन्द्र मीणा रहे। मुख्य वक्ता ने विद्यालयों में प्रभावी प्रार्थना सभा एवं संस्कार आधारित वातावरण से राष्ट्रनिष्ठ विद्यार्थियों के निर्माण पर जोर दिया गया। अंतिम सत्र में पंच परिवर्तन एवं विमर्श विषय पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता ने पंच परिवर्तन स्व का जागरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यों का पालन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण को विद्यालय, परिवार एवं समाज में व्यवहारिक रूप से लागू करने का आग्रह किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत काछबली, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद

क्रमांकः निविदा/ग्रा.पं.हा/2025-26/SPL-03 दिनांकः- 30.12.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

ग्राम पंचायत काछबली में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/ eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/ download की व देखी जा सकती है।

NIB NO- ZRR2526A0545
UBN NO- ZRR2526WSRC00881-889

प्रशासक ग्राम पंचायत काछबली पं.स., भीम (राजसमन्द) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत काछबली पं.स., भीम (राजसमन्द)

कार्यालय नगरपरिषद निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपनि/भूमि/2025-26/6065 दिनांक :- 23/12/2025

-:: सार्वजनिक नीलामी सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपरिषद निम्बाहेड़ा द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार परिषद सीमा क्षेत्र मे निम्नांकित स्थानों पर आवासीय/व्यवसायिक भूखण्डो की निलामी राजस्थान नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 एवं संशोधन नियम 2019 के प्रावधानो अनुसार 99 वर्षिय लीज होल्ड/फ्री-होल्ड राईट्स पर ई-ऑक्शन के माध्यम से की जावेगी। रजिस्ट्रेशन शुल्क एवं धरोहर राशि दिनांक 10.01.2026 समय प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 14.02.2026 समय सांय 05.00 बजे तक जमा करवाई जा सकती है। ई-ऑक्शन दिनांक 15.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे से शुरु होगा तथा दिनांक 15.02.2026 सायं 05.00 बजे तक चालु रहेगा। निलामी में भाग लिये जाने हेतु पंजीयन शुल्क 1000/- निर्धारित है जो कि निलामी निरस्त होने, बोलीदाता द्वारा राशि जमा नहीं कराये जाने या अन्य किसी भी स्थिति में वापस देय नहीं (Non Refundable) होगी। नियम, शर्तें एवं निलामी से संबंधित जानकारी ई-ऑक्शन पोर्टल http://lsgeauction.rajasthan.gov.in (SSO ID के माध्यम से) पर देखी जा सकती है। निलामी में बोली लगाने के लिये प्रतिभागी स्वंय की SSO ID (G2C) से ई-ऑक्शन पोर्टल पर अपनी प्रोफाईल रिफंड अकाउंट डिटेल्स से भरने के उपरांत उपलब्ध Live E-Auction में भाग ले सकते है। भूखण्ड़ों का विवरण निम्नानुसार है:- NIB Code - DLB2526A9519

क्र. सं.	स्थान का नाम	भूखण्ड संख्या	साईज (वर्गफीट मे)	अमानत राशि	प्रारम्भिक निलामी दर (दर प्रति वर्ग फीट)
1.	ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना में ऐ-ब्लॉक (व्यवसायिक प्रयोजनार्थ)	A23	20'X40' = 800	37000/-	2300/-
2.		A 36	25'X60' = 1500	69000/-	2300/-
3.		A 43	25'X60' = 1500	57000/-	1900/-
4.		A 45	25'X60' = 1500	57000/-	1900/-
5.		A 82	20'X30' = 600	23000/-	1900/-
6.		A 87	15'X30' = 450	18000/-	1900/-
7.		A 93	15'X30' = 450	18000/-	1900/-
8.		A 94	15'X30' = 450	18000/-	1900/-
9.		A 96	15'X30' = 450	18000/-	1900/-
10.		A 100	15'X27'+30'/2 = 427.5	26000/-	3000/-
11.		A 101	15'X23'+27'/2 = 375	38000/-	5000/-
12.	वसुंधरा विहार आवासीय योजना में डिस्पेंसरी प्रयोजनार्थ भूखण्ड	(डिस्पेंसरी प्रयोजनार्थ)	235'+236'/2 X 218'10"+197'9"/2 = 49051.11	1180000/-	1200/-
13.	वसुंधरा विहार आवासीय योजना में वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूखण्ड	योजना के दक्षिण दिशा में मॉडल स्कूल के पास भूखण्ड	559'8"+559'4"/2 X 146'+141'1"/2 - R = 79763	1920000/-	1200/-
14.		योजना के उत्तर दिशा में भूखण्ड	133'1"+116'11"/2X256'6" = 32177	780000/-	1200/-
15.	वसुंधरा विहार आवासीय योजना में ब्लॉक ऐ में पार्क के सामने 100 फीट रोड पर व्यवसायिक भूखण्ड	1	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
16.		2	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
17.		3	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
18.		4	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
19.		5	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
20.		6	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
21.		7	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
22.		8	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
23.		9	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
24.		10	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
25.		11	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
26.		12	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
27.		13	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
28.		14	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
29.		15	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
30.		16	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
31.		17	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
32.		18	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
33.		19	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
34.		20	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
35.		21	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
36.		22	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
37.		23	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
38.		24	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
39.		25	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
40.		26	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
41.		27	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
42.		28	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
43.		29	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
44.		30	10'X20' = 200	5000/-	1200/-
45.	वसुंधरा विहार आवासीय योजना में आवासीय भूखण्ड	57	55'X70'X -R10 = 3828.5	131000/-	1700/-
46.		172	40'X90' = 3600	123000/-	1700/-
47		173	40'X90' = 3600	123000/-